आज समाज 09/04/2026

जीएमएन कॉलेज में एंटी रैगिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यार्थियों को जागरूकता और संवेदनशीलता के साथ अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया



स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आज एंटी रैगिंग सेल एवं नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में एंटी रैगिंग और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य था स्टूडेंट्स में रैगिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। इस प्रतियोगिता में लगभग 15 स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रैगिंग के दुष्परिणामों और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को दशार्ते हुए प्रभावशाली स्लोगन प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता के दौरान डॉ. अमिता ने स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जागरूकता और संवेदनशीलता के साथ अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बी बी ए न के अशवनीत ने प्रथम स्थान, बी ए द्वितीय के पारस भोला ने द्वितीय स्थान तथा बी ए प्रथम के सोहम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. मनजीत और डॉ. सरोज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रतिभागियों के स्लोगनों का मूल्यांकन किया। उन्होंने स्टूडेंट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने इस अवसर पर कहा कि हमारी प्राथमिकता हमेशा विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना रही है। ऐसे आयोजनों से स्टूडेंट्स में जागरूकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित होती है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी रचनात्मक तरीके से अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।